भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 559
दिनांक 07.02.2024 को उत्तरार्थ

विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बिहार को आवंटित निधि

559.श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या वर्ष 2019-2024 की अवधि के दौरान पंचायती राज मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बिहार राज्य को आवंटित निधियां हाल ही की पूर्ववर्ती अवधि की तुलना में अधिक हैं;
(ख)यदि हां, तो वर्ष 2019-2024 की अवधि के दौरान वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग)क्या सरकार ने वर्ष 2019 से 2024 तक बिहार राज्य हेतु पंचायती राज में किन्हीं विशेष परियोजनाओं को मंजूरी दी है; और
(घ)यदि हां, तो वर्ष 2019-2024 की अवधि के दौरान तत्संबंधी वार्षिक ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) और (ख) पंचायती राज मंत्रालय की योजनाओं अर्थात; (i) राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान (आरजीपीएसए), (ii) क्षमता निर्माण-पंचायत सशक्तिकरण अभियान (सीबी-पीएसए), (iii) राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) और (iv) पंचायतों का प्रोत्साहनीकरण (आईओपी) के तहत वर्ष 2014-2019 और 2019-2024 के बीच बिहार राज्य के लिए वर्ष-वार जारी की गई निधि की तुलनात्मक स्थिति इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

वर्ष 2014-15 से 2018-19		**वर्ष 2019-20 से 2023-24**	
वर्ष	**जारी की गई निधि**	**वर्ष**	**जारी की गई निधि**
2014-15	63.67	2019-20	0.25
2015-16	0.00	2020-21	2.76
2016-17	0.00	2021-22	66.04
2017-18	0.00	2022-23	35.67
2018-19	4.68	2023-24	0.00
कुल	**67.92**	**कुल**	**104.72**

(ग) एवं (घ) जी, नहीं। जो योजनाएँ अन्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए लागू की गई थीं/क्रियान्वित किया जा रहा है, वे बिहार राज्य के लिए भी लागू की गईं थीं/क्रियान्वित किया जा रहा है।

*****